## एक नजर में

### जादूगर दीप कुमार का जादू शो अब केवल 18 जनवरी तक

ग्वालियर। माधव मंगलम पैलेस ( नियर ताज ऊषा किरन पैलेस ) नदी गेट चौराहा ग्वालियर में सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है , रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं, एवं जादू शो देखकर खूब सराहना कर रहे हैं । रोजाना शो में कुछ न कुछ नए प्रयोग देखने को मिलते हैं , शो के दौरान माइम मैजिक व चार कबूतर को पब्लिक की आँखों के सामने चार बैलून बना कर उड़ा देना , एक सुन्दर लड़की को 10 फीट 1हवा में उड़ा देना , एक इन्द्रजाल बाक्स दर्शकों को खूब लुभा रहा है, रोजाना यहाँ 2 शो चलते हैं 3 बजे से एवं सायं 6 बजे से, रविवार व मंगलवार को 3 शो दिखाया जाता है – 12 बजे, 3 बजे बजे, सायं 6 बजे से प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है, शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्वालियर में 18 जनवरी को जादूगर दीप कुमार का आखिरी शो दिखाया जाएगा। इसके बाद यह जादू का काफिला किसी दूसरे शहर की ओर निकल जाएगा। इसलिए आप सब सपरिवार पहुंचें व विश्व की सबसे प्राचीन जादू कला का भरपूर आनंद उठाइये। शो का टिकट ऑनलाइन www.jadugardeepkumar.com एवं ऑफलाइन माधव मंगलम पैलेस में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं।

### रिजल्ट बोलता है अफवाहें नहीं , झुंझुनूं सैनिक एकेडमी ग्वालियर ने फिर रचा सफलता का इतिहास

ग्वालियर। झुंझुनूं सैनिक एकेडमी ग्वालियर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि संस्था केवल वादों में नहीं, बल्कि ठोस परिणामों में विश्वास रखती है। इस बार उत्तर प्रदेश सैनिक प्रवेश परीक्षा में एकेडमी के 5 होनहार छात्रों ने सफलता प्राप्त कर इतिहास रच दिया जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सफल होने वाले विद्यार्थियों में प्रज्वल सिंह ( पिता जितेंद्र कुमार, रोल नंबर 611173), अंबुज सिंह (पिता सुशील कुमार, रोल नंबर 611179), शिवांश सिंह गुर्जर ( पिता अजय गुर्जर, रोल नंबर 611051), युवराज राव (पिता मृत्युंजय कुमार, रोल नंबर 911087), एवं प्रिंस ( पिता अबलेंद्र सिंह, रोल नंबर 911054) शामिल हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्था द्वारा सभी चयनित छात्रों का माल्यार्पण, पदक एवं प्रमाण पत्र देकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक चेतन सिंह प्रधानाध्यापक ममता कुमारी संस्था अध्यक्ष रविन्द्र सिंह उपाध्यक्ष सत्यवीर बघेल संस्था सचिव प्रीति बघेल एवं समस्त स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी. संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि झुंझुनूं सैनिक एकेडमी ग्वालियर निरंतर अनुशासन, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को देश सेवा के लिए तैयार कर रही है और आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देती रहेगी।

### क्रांतिकारी जनशक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रामविलास गौड़

ग्वालियर, 10 जनवरी। क्रांतिकारी जनशक्ति संगठन ने संगठन विस्तार के लिए राष्ट्रीय प्रबंधन समिति ने संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री गौड़ ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रबंधन कार्यकारिणी अध्यक्ष दशरथ सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष दीपक दिलेर, सदस्य नवीन झ, संजय गोयल ने समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया है। एवं गौड़ की नियुक्ति पर कौशल जाटव, महेन्द्र पटेल, अरीफ खान सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# मेले में जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी लगी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जनवरी।** ऐतिहासिक ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष मध्य प्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश में हुए विकास कार्यों पर आधारित भव्य फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी मेले में आने वाले हजारों नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और शासन की नीतियों, उपलब्धियों तथा जनहितकारी कार्यक्रमों को सहज और प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा रही है। फोटो प्रदर्शनी में पिछले दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में किए गए प्रमुख विकास कार्यों, नवाचारों और जनकल्याण योजनाओं को तस्वीरों एवं संक्षिप्त विवरणों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में किए गए विकासात्मक प्रयासों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, महिला एवं बाल विकास, किसान कल्याण, औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है।

## पानी से जुड़ी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**ग्वालियर।** नागरिकों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए। पेयजल सेम्पलिंग का कार्य अभियान के रूप में किया जाए। कहीं पर भी अशुद्ध पेयजल वितरण की शिकायत मिलती है तो तत्परता से कार्रवाई की जाए। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शनिवार को बैठक में यह निर्देश दिए।

# रवित हेल्थ केयर सोल्यूशन की ओपीडी सेवा ग्वालियर में शुरू

ग्वालियर। गुरूग्राम की प्रसिद्ध एमएसएमई रजिस्टर्ड रवित हेल्थ केयर सोल्यूशन इंटरनेशनल अब ग्वालियर में भी अपनी सेवाएं देने जा रहा है। पड़ाव स्थित आईकॉम मीडिया सेंटर मे आयोजित पत्रकार वार्ता में रवित सोल्यूशन के फाउंडर विदित माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष अनुबंध के अंतर्गत पारस हेल्थ गुरूग्राम की लिवर ट्रांसप्लांट टीम के विशेषज्ञ डॉ अंकुर गर्ग व डॉ वैभव कुमार की सेवाएं रवित हेल्थ केयर के माध्यम से मध्यप्रदेश के छोटे शहरो में प्रदान की जाएगी। जिसकी शुरूआत ग्वालियर से की जा रही हैं। लिवर विशेषज्ञ टीम के डॉ वैभव कुमार व डॉ अंकुर गर्ग की ओपीडी लोटसविला कॉलोनी, विवेकानंद नीडम के पास श्री नवोदय हॉस्पीटल में हरमाह के दूसरे शनिवार को आयेजित की जाएगी। जिससे अंचल के लोगो को लिवर संबंधि समस्या व उनके ट्रांसप्लांट में आवश्यक सहायता उपल्ब्ध हो सके। आगे उन्होंने बताया कि रवित हेल्थ केयर विभिन्न एनजीओ व सरकारी सहायता के माध्यम से मरीज को सुविधाजनक इलाज मिल सके उसके लिए हर संभव मदद कराने का प्रयास करेगा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ वैभव कुमार ने बताया कि ग्वालियर मे अभी लिवर टांसप्लांट की आवश्यक सुविधाओं का अभाव है.

# विधायक डॉ . सिकरवार ने सी .सी . सड़क निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जनवरी.** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 28 के अंतर्गत आने वाले एन.एस. स्कूल एवं नरे वाली माता शिवाजी नगर की विभिन्न गलियों में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य के लिये क्षेत्रीय पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य गायत्री सुधीर मण्डेलिया के साथ भूमिपूजन किया। इन सड़को का निर्माण कार्य लगभग 19 लाख रूपये से होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ. सिकरवार ने लोगों की अन्य समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, सुधीर मण्डेलिया, कल्लू तोमर, सुरेश वाजपेई, गोपाल चौधरी, रमेश झा, राजेश तोमर, पंचम सिंह भदौरिया, राजवीर सिसोदिया, आबिद नकवी, काली चरण बाथम, पप्पू पंडित, पवन बाबूजी, भगवान दास पाल, छन्नू यादव, नरेंद्र यादव, लल्ला यादव, देवानंद ऐशबार, संतोष शर्मा, रामरतन पाल, देवेंद्र गुर्जर, राजू बाथम आदि उपस्थित रहे।

# आईटीएम और सिम्प्लीफाइंग स्किल्स गुरुग्राम के बीच हुआ एमओयू साइन

**ग्वालियर, 10 जनवरी।** आईटीएम यूनिवर्सिटी और सिम्प्लीफाइंग स्किल्स गुरुग्राम के बीच एमओयू साइन किया गया। औद्योगिक शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने और छात्र-छात्राओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों ही संस्थानों के आधिकारिक प्रतिनिधि जिनमें सिम्प्लीफाइंग स्किल्स की को-फाउंडर एंड चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर दिव्या शर्मा और आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्रोफेसर वाणी अग्रवाल (डायरेक्टर आईक्यूएसी एंड कैपेसिटी एंड लीडरशिप डेवलपमेंट), सिम्प्लीफाइंग स्किल्स की ओर से रमाकांत वर्मा सहित दोनों ही संस्थानों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर छात्र-छात्राओं को रोजगार क्षमता और पेशेवर कौशल को सुदृढ़ करने के लिए अकादमिक-औद्योगिक सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण मानती है। उन्होंने कहा कि सिम्प्लीफाइंग स्किल्स के साथ यह साझेदारी छात्र-छात्राओं को उद्योग-अनुरूप प्रशिक्षण और वास्तविक कार्य-अनुभव प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। सिम्प्लीफाइंग स्किल्स की को-फाउंडर एंड चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर दिव्या शर्मा ने कहा कि उद्योग-संगत कौशलों से छात्र-छात्राओं को सशक्त बनाना हमारी मूल प्रतिबद्धता है। आईटीएम के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य ऐसे केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना है.

# छत पर लगा सूरज, जेब में बचत — ग्वालियर में सौर ऊर्जा बन रही है आत्मनिर्भरता की नई पहचान

**ग्वालियर 10 जनवरी.** देश में ऊर्जा की बढ़ती मांग और लगातार बढ़ते बिजली खर्च के बीच सौर ऊर्जा अब आम नागरिकों के लिए एक भरोसेमंद समाधान के रूप में उभर रही है। ग्वालियर में भी लोग पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों से हटकर सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, सौर ऊर्जा न केवल बिजली की लागत को कम करती है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सोलर पैनल तकनीक के सुलभ होने और सरकारी सहयोग के कारण अब घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और कृषि क्षेत्रों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। ग्वालियर में संचालित सौर ऊर्जा कंपनी Solarurjaa इस बदलाव में सक्रिय भूमिका निभा रही है। कंपनी के संचालक हरभान चौहान का कहना है कि सौर ऊर्जा को अपनाना आज की आवश्यकता बन चुकी है। उनके अनुसार, लोग अब केवल बिजली बचत नहीं, बल्कि भविष्य की स्थायी ऊर्जा व्यवस्था के बारे में भी सोचने लगे हैं। सौर ऊर्जा इस दिशा में सबसे व्यावहारिक विकल्प है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए सोलर सिस्टम इसकी उपयोगिता को प्रमाणित कर रहे हैं। हाल ही में सुभाष गुप्ता के निवास पर स्थापित रूफटॉप सोलर प्लांट इसका उदाहरण है, जहां सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ मासिक खर्च में भी उल्लेखनीय कमी देखी गई है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि सौर ऊर्जा पूरी तरह स्वच्छ और प्रदूषण रहित स्रोत है। इससे न तो कार्बन उत्सर्जन होता है और न ही प्राकृतिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। सोलर पैनलों की औसत आयु लगभग 25 वर्षों तक मानी जाती है, जिससे यह एक दीर्घकालिक और स्थिर ऊर्जा समाधान बन जाता है। सरकारी स्तर पर भी सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिल रहा है। इससे सौर ऊर्जा को अपनाना आम लोगों के लिए और अधिक सहज होता जा रहा है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले वर्षों में सौर ऊर्जा न केवल बिजली संकट को कम करेगी, बल्कि रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। ग्वालियर में इसका बढ़ता उपयोग इस बात का संकेत है कि लोग अब स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर हो रहे हैं।


### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 स्थान बारह बीघा गुढा में स्थित है जो कि रेवती कुशवाह/स्व.बद्रीप्रसाद कुशवाह/पंचम कुशवाह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000167113 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 626 वर्गफुट है .उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602024 ए11346844 दिनांक 22/11/2024 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है .उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 10-01-2026**
**आवेदक का नाम/पता**
**रंजना कुशवाह/पूरन कुशवाह**
**पता : बारह बीघा गुढा, ग्वालियर,म .प्र .**

### नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08-01-2026 को प्रकाशित नामांकन सूचना में त्रुटिवश आवेदक का नाम रत्ना तोलानी / होतचन्द्र तोलानी छाप गया है। जिसका वास्तविक आवेदक का नाम रतना तोलानी / होत चंद तोलानी पढ़ा जावे। विज्ञप्ति क्षेत्र क्र. 18 वार्ड 49 की है। संपत्ति कर आई डी 9000166817 है शेष यथावत रहेगा।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेन्द्र सिंह परिहार पुत्र गोकरन सिंह परिहार जाति ठाकुर निवासी एन .पी .ए . क्वार्टर बस्ती, तहसील अंबाह, जिला मुरैना (म .प्र .) यह स्पष्ट करता हूं कि मेरे पुत्र अभय सिंह परिहार की कक्षा 10वीं की अंकसूची में नाम अभय सिंह परिहार अंकित है, जबकि उसके सभी शासकीय दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में उसका नाम अभय सिंह दर्ज है। अत : मेरे द्वारा यह घोषित किया जाता है कि अभय सिंह एवं अभय सिंह परिहार दोनों नाम मेरे पुत्र के ही हैं तथा भविष्य में उसे अभय सिंह नाम से ही जाना जाए। उक्त संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

**स्थान : अंबाह**
**दिनांक : 07 .01 .2026**
**सूचनाकर्ता**
**राजेन्द्र सिंह परिहार पुत्र गोकरन सिंह परिहार जाति ठाकुर निवासी एन .पी .ए . क्वार्टर बस्ती, तहसील अंबाह, जिला मुरैना (म .प्र .)**

### कार्यालय,म .प्र .गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना

क्रमांक-56...मुरैना
दिनांक-09/01/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म .प्र .गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भूखण्ड क्रं. एलआईजी द्वितीय-218 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौरा खुर्द मुरैना जो कि श्री सुमेर सिंह पुत्र श्री गोरेलाल को आवंटित किया गया था। इनके द्वारा श्रीमती नीलम गुप्ता पुत्री श्री रामप्रसाद गुप्ता एवं पत्नी श्री भगवान गुप्ता को उक्त भूखण्ड का विक्रय कर दिया गया है। इनके द्वारा मण्डल में नामांतरण नहीं कराते हुए तत्पश्चात उक्त भूखण्ड को श्रीमती शशि सक्सैना पत्नी श्री उमेश सक्सैना को विक्रय कर दिया गया है। इनके द्वारा मण्डल में नामांतरण नहीं कराते हुए दिनांक-26 .12 .2025 को उक्त भूखण्ड को श्रीमती लक्ष्मी पत्नी श्री रामनिवास को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती लक्ष्मी द्वारा अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सबयदा प्रबंधक**
**म .प्र .गृ .नि .एवं अधो . विकास मण्डल**
**संभाग-मुरैना म .प्र .**

### नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे .क्रं. 19 वार्ड क्रं. 50, भवन क्रं. 620, स्थान : मंदसौर वाली गली, जामदार खाना पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नीलम प्रकाश चांदवानी / श्री प्रकाश चांदवानी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000178656 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. **100382630** दिनांक 28 .05 .2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 10 .01 .2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT-39279 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**श्रीमती श्वेता गर्ग / श्री प्रदीप गर्ग**
पता : मंदसौर वाली गली, जामदार खाना, वार्ड-50
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 10-01-2026

### नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे .क्रं. 19 वार्ड क्रं. 50, भवन क्रं. 529, स्थान : मंदसौर वाली गली, जामदार खाना पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती प्रकाश चांदवानी / श्री फतेचंद्र चांदवानी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000294347 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 960 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. **A100382685** दिनांक 28 .05 .2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 10 .01 .2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT-39328 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**रामकुमार अग्रवाल / श्री बालकृष्ण अग्रवाल**
पता : मंदसौर वाली गली, जामदार खाना, वार्ड-50
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 10-01-2026

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं **Army No. 15700041H Rank- Hav Name- Patil Avinash Raghunath of** Unit residence at Plot No. 15. Indraprash Niwas, Gurudatta Housing Society, Pachora, Po-Pachora, Dist.- Jalgaon, Maharashtra-424201 सूचित करता हूं कि- मेरी पुत्री का नाम **VAIDAHI YE** त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरी पुत्री का परिवर्तित सही नाम **RUHI AVINASH PATIL** को समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 147638 & Date- 09.01.2026 before District Court Gwalior

### CHANGE OF NAME

I, **Army Service No. 15807637A Rank- LNK Name- SHASHI KANT YADAV** Residing at Village- Mardanpur, Post- Mahuwari, Tehsil- Muhammabad, District- Gazipur, State- Uttar Pradesh Pin- 275201 have changed my Mother's Name from **MAHESHWARI DEVI** to **MAHESHARI DEVI** due to mismatch in my Army Service Record.

**Vide Affidavit No. BX 771654 Dated 09/01/2026 before High Court, Gwalior M.P.**

### नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि में अरविन्द उपाध्याय पुत्र श्री दामोदर प्रसाद उपाध्याय निवासी- B-21, राधिका भवन, विजय नगर कॉलोनी, आमखो कम्पू लश्कर ग्वालियर, (म .प्र .) यह कि मुझ प्रार्थी के पूर्व पासपोर्ट में नाम **अरविन्द कुमार उपाध्याय ARVIND KUMAR UPADHYAY** अंकित है। जबकि अब मैने अपना नाम **अरविन्द कुमार उपाध्याय ARVIND KUMAR UPADHYAY** के स्थान पर **अरविन्द कुमार उपाध्याय ARVIND UPADHYAY** रख लिया है। अत : अब मुझे भविष्य में **अरविन्द उपाध्याय ARVIND UPADHYAY** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

**प्रार्थी**
**नाम अरविन्द उपाध्याय**
**पुत्र श्री दामोदर प्रसाद उपाध्याय**
**निवासी, B-21, राधिका भवन, विजय नगर कॉलोनी, आमखो कम्पू लश्कर ग्वालियर, (म .प्र .)**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं **उत्तम सिंह** ( UTTAM SINGH ) पुत्र **श्री संतोष सिंह गुर्जर** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **दिलीप गुर्जर** ( DILIP GURJAR ) था जो मेरे आधार कार्ड में लिखा गया है जो कि गलत है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में में **उत्तम सिंह** पुत्र **श्री संतोष सिंह गुर्जर** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूं एवं जाऊंगा। जो शासकीय, अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है **उत्तम सिंह** एवं **दिलीप गुर्जर** दोनों मेरे ही नाम है अत : मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **दिलीप गुर्जर** के स्थान पर **उत्तम सिंह** लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

**पूर्व नाम-दिलीप गुर्जर**
**वर्तमान नाम**
**उत्तम सिंह पुत्र श्री संतोष सिंह गुर्जर**
**पता :- ग्राम महाराम्पुरा, धुआ, ग्वालियर, म .प्र .**

### नाम संशोधन सूचना

मै **MUSKAN MANGAL** DO **DINESH MANGAL** निवासी मैनावाली गली दाल बाजार माता मंदिर के सामने लश्कर ग्वालियर म०प्र० आमजन को सूचित करती हूँ कि मेरा पासपोर्ट जिसमें मेरा नाम **MUSKAN AGRAWAL** DO **DINESH KUMAR AGRAWAL** तथा माता का नाम **PINCY AGRAWAL** दर्ज है जोकि त्रुटिवश गलत अंकित हैं। मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम **MUSKAN MANGAL,** FATHER NAME - **DINESH MANGAL,** MOTHER NAME **PINKY MANGAL** अंकित है जोकि सत्य व सही है अतः सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि उपरोक्त सभी नाम मुझसे सही संबंधित है ऐसा सभी सूचित हो।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान अजब सिंह रावत पुत्र श्री दौलत सिंह रावत ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. ए-20, वार्ड क्र. 59, पटवारी हलका क्र. 09, ग्राम बाराघाट व तहसील सिटी सेंटर एवं जिला ग्वालियर के सर्वे क्र. 64/2, 67/1/1, 70/1 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लाट क्र. ए-19, पश्चिम में- प्लॉट क्र. ए-21, उत्तर में- बॉउन्ड्री, दक्षिण में- रोड 20 फुट व कुल क्षेत्रफल 875 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान आयूब खान पुत्र श्री मोती खान के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान पंजाब सिंह, लक्ष्मण सिंह, गब्बर सिंह पुत्रगण श्री रघुवीर सिंह एवं मथुरा व शीला पुत्रियाँ श्री रघुवीर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है जिसके पश्चात श्रीमान लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह द्वारा श्रीमान गब्बर सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह को जर्ये ई-रजिस्टर्ड मुख्तयार-आम विलेख दस्तावेज क्र. MP142602023A 42255670 व दिनांक 11.08.2023 किया गया। तदापुरांत उक्त संपत्ति के अंश भाग में से बहैसियत मुख्तयारआम ग्रहीता (श्रीमान गब्बर सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह) द्वारा श्रीमान आयूब खान पुत्र श्री मोती खान को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP142602023A 12455149 व दिनांक 12.10.2023 से विक्रय की गई। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग का विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 10.01.2026

प्रेषक- **विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
**कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं **शारदा शुक्ला** (SHARADA SHUKLA) पत्नी श्री ब्रजमोहन सर्वसाधारण को सूचित करती हुँ कि मेरा पूर्व का नाम **पुष्पा शर्मा** (PUSHPA SHARMA) था जो मेरी बीमा पॉलिसी में लिखा गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में **शारदा शुक्ला** पत्नी **श्री ब्रजमोहन** के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं एवं जाऊंगी। जो शासकीय, अर्द्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है **शारदा शुक्ला** एवं **पुष्पा शर्मा** दोनों मेरे ही नाम है अत : मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम **पुष्पा शर्मा** के स्थान पर **शारदा शुक्ला** लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

**पूर्व नाम- पुष्पा शर्मा**
**वर्तमान नाम-शारदा शुक्ला पत्नी श्री ब्रजमोहन**
**पता :- रसोइया गली, कैलारस, मुरैना, म .प्र .**